प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को रवाना करेंगे।
- प्रदेशभर में अब तक करीब 70 लाख सक्षम लोगों ने खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटवाया–वहीं इतने ही जरूरतमंदों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया।
- जयपुर, कोटा और जोधपुर के सभी 6 नगर निगमों का कार्यकाल कल पूरा होगा–अब नगरीय निकाय प्रशासकों के जिम्मे होंगे।
- भारत–पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तीनों सेनाओं का **संयुक्त युद्धाभ्यास त्रिशूल** जारी।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी में चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को रवाना करेंगे। ये नई रेलगाडियां बनारस से खजुराहो, लखनऊ से सहारनपुर, फिरोजपुर से दिल्ली और एर्नाकुलम से बेंगलुरु मार्ग पर चलेंगी। इनसे यात्रा का समय कम होगा और क्षेत्रीय गतिशीलता बढेगी। इसके साथ ही पर्यटन को बढावा मिलेगा तथा देशभर में आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

00000

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज शाम नई दिल्ली में सर्वोच्च न्यायालय में कानूनी सहायता वितरण तंत्र को मजबूत बनाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से तैयार किये गये सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण मॉड्यूल का शुभारंभ करेंगे। दो दिन के इस सम्मेलन में कानूनी सेवा ढांचे के प्रमुख पहलुओं, कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली, पैनल वकील, स्थायी लोक अदालतें तथा कानूनी सेवा संस्थानों के वित्तीय प्रबंधन पर चर्चा की जायेगी।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल करीब 134 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास कर कोटा को सौगात दी। नगर निगम दक्षिण क्षेत्र में ये विकास कार्य किये जा रहे है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोटा का विकास मॉडल जनता की जरूरतों और अपेक्षाओं के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यो में हर तबके का ध्यान रखा गया है। आने वाले समय में कोटा को पर्यटन के साथ ही रोजगार देने वाले केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा।

......

00000

प्रदेशभर में अब तक करीब 70 लाख जरूरतमंदों को खाद्य सुरक्षा से जोडा गया है। खाद्यमंत्री सुमित गोदारा ने कल बीकानेर में एक बैठक में बताया कि पिछले साल 1 नवम्बर से शुरू हुए गिव अप अभियान के तहत करीब लगभग 70 लाख लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए का लाभ छोडा है। इससे इतने ही पात्र लोगों को योजना का फायदा मिला। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गिव अप अभियान की अवधि को 31 दिसम्बर तक बढाया गया है। इस अभियान में भीलवाडा, हनुमानगढ और बीकानेर अग्रणी रहे है। सबसे ज्यादा भीलवाडा जिले में सक्षम लोगों ने इस योजना से अपने नाम हटवाये है।

.....

00000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार कल शाम थम जायेगा। 11 नवम्बर को होने वाले चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के नेता जोर शोर से जनसंपर्क में जुटे है। इस चुनावी रण पर ज्यादा जानकारी के लिए चलते है हमारे बारां संवाददाता से पास।

.....

0000

प्रदेश में जयपुर, कोटा और जोधपुर के सभी 6 निकायों का कार्यकाल कल पूरा हो जायेगा। नये निगम के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की तैयारियां की जा रही है। इसके लिए प्रशासक लगाये गये है। जयपुर में नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज अब एक हो जायेंगे। नये निगम में संभागीय आयुक्त को

प्रशासक लगाया गया है। इस निगम के लिए 118 नये पद भी स्वीकृत किये गये है। इस बीच नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि प्रदेश में एक राज्य एक चुनाव के तहत आगे बढने के लिए तैयारियां की जा रही है। अगले साल निकायों के चुनाव करवाने के प्रयास किये जायेंगे।

0000

मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली येजना में पंजीकृत घरेलु उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से हर महीने डेढ सौ यूनिट मुफ्त बिजली उपलब्ध करायी जायेगी। राज्य सरकार ने इस बारे में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये है। योजना के पहले चरण में उन उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा जिनके पास सोलर संयत्र लगाने के लिए घर की छत उपलब्ध है। गौरतलब है कि 13 अक्टूबर से शुरू हुए पोर्टल में अब तक रूफ टोप सोलर संयत्र लगाने के लिए 1 लाख 66 हजार से ज्यादा उपभोक्ता अपनी सहमति दे चुके है।

00000

भारत पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर इन दिनों देश की तीनों सेनाएं संयुक्त युद्धाभ्यास–त्रिशूल में अपना दमखम दिखा रही है। इस युद्धाभ्यास के जरिये सेनाओं के बीच आपसी तालमेल और तत्परता को परखा जा रहा है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि सेना के जाबाज दिन रात सजगता के साथ सुरक्षा और हमले की रणनीति का अभ्यास कर रहे है।

.....

00000

भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कल देशभर में हॉकी टूर्नामेन्ट आयोजित किये गये। केन्द्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडवीया ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से इन टूर्नामेंट की शुरूआत की।

00000

राज्य में उत्तरी हवाओं के असर से अब सर्दी जोर पकडने लगी है। सुबह शाम हल्की ठण्ड का एहसास बढ गया है। बीते 24 घंटों में 6 शहरों में पारा 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। नागौर में न्यूनतम तापमान 6 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं दौसा, अजमेर, चूरू और बीकानेर के लूणकरणसर में भी रात का तापमन 9 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। 20 शहरों में रात का पारा 15 डिग्री सैल्सियस से नीच दर्ज किया गया। हालांकि कई स्थानों पर दिन में तेज धूप देखने को मिल रही है। बाडमेर में अधिकतम तापमान 34 दशमलव 1 डिग्री सैल्सियस रहा।

00000